भारत सरकार
रेल मंत्रालय

राज्य सभा
23.09.2020 के
अतारांकित प्रश्न सं. 1550 का उत्तर

रेलवे की आस्तियां और देयताएं

1550. श्री रवि प्रकाश वर्माः
प्रो. राम गोपाल यादवः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) 31 मार्च, 2019 और 31 अगस्त, 2020 की स्थिति के अनुसार देश में रेलवे की कुल आस्तियों और देयताओं के बाजार मूल्य का क्षेत्र-वार और मंडल-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) आज की तारीख में रेलवे की उन आस्तियों/सेवाओं/कार्यकलापों/देयताओं का उनके कुल बाजार मूल्य सहित क्षेत्र-वार और मंडल-वार ब्यौरा क्या है जिनका निजीकरण करने या जिन्हें प्राइवेट कंपनियों को बेचने का निर्णय रेलवे ने लिया है; और

(ग) रेलवे की उन आस्तियों और देयताओं के कुल मूल्य का क्षेत्र-वार और मंडल-वार प्रतिशत रूप में ब्यौरा क्या है जिनके निजीकरण/जिन्हें बेचने का निर्णय लिया गया है?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) से (ग): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

Sk

रेलवे की आस्तियों और देयताओं के संबंध में दिनांक 23.09.2020 को राज्य सभा में श्री रवि प्रकाश वर्मा एवं प्रो. राम गोपाल यादव के अतारांकित प्रश्न सं. 1550 के भाग (क) से (ग) के उत्तर से संबंधित **विवरण।**

(क): रेलवे परिसंपत्तियों और देयताओं के बाज़ार मूल्य का लेखा नहीं रखा जाता क्योंकि भारतीय रेल द्वारा मौजूदा सरकारी लेखांकन नियमों के अनुसार अंकित मूल्य पर अपनी परिसंपत्तियों और देयताओं का तुलन-पत्र तैयार करना अपेक्षित होता है। इसके अलावा, यह तुलन-पत्र वार्षिक आधार पर ही तैयार किया जाता है। भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा यथा लेखापरीक्षित 31 मार्च, 2019 तक भारतीय रेल की परिसंपत्तियों और देयताओं का अंकित मूल्य 658721.38 करोड़ रु. है।

(ख) और (ग): प्रश्न नहीं उठता।

******

Sk